Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 07-03-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title : Need to provide financial assistance to the farmers in Mehsana Parliamentary Constituency, Gujarat with a view to compensate the losses suffered by them due to exploration of Petroleum and Natural Gas in the region.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा के गांवों में प्रकृति ने तेल एवं प्राकृतिक गैस के 1208 कुएं दिए हुए हैं और सरकार ने इन किसानों को नाममात्र का मुआवजा एवं कम किराये पर गैस ए वं पेट्रोल वाली जमीनों को अपने कब्जे में ले लिया है, जिससे वहां के लोगों को उनकी खेती बाड़ी की जमीन को सरकार द्वारा लिए जाने वाले किसानों को अपने परिवार का लालन पालन करने में दिक्कत हो रही है, क्योंकि उनके परिवार की जीविका चलाने वली जमीन उनसे ले ली गयी और दूसरी ओर गैस एवं पेट्रोल निकालने के कारण दूसरे किसानों का खेत का जल स्तर 1200 से 1500 फुट नीचे चला गया है जिसके कारण उन्हें 65 हॉर्स पॉवर के पम्प से खेतों की सिंचाई हो जाती थी। आज बिजली काफी मंहगी है और जितनी जरूरत है उतनी नहीं मिल पा रही है। जिन लोगों के खेतों में तेल एवं गैस के कुंए मिले थे आज उनको भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है और सरकार इस खेत भूमि से जो किराया मिलता है उस पर टीडीएस भी लेती है जबकि यह कृाि भूमि है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेहसाणा के किसानों को इन तेल एवं गैस निकालने वाली जमीन सरकार द्वारा अधिग्रहीत करने के बाद यहां के किसानों का जो नुकसान हुआ है उसकी क्षतिपूर्ती करने हेतु पैकेज के रूप में हर साल मेहसाणा जिले को आर्थिक मदद दी जाये, जिससे यहां के लोगों का भरण-पोाण हो सके और इस क्षेत्र का विकास हो सके।